राज एक्सप्रेस
शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026

महानगर आसपास

भंवरकुआं जा रही विशाखा को पिगडंबर के पास अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर

सड़क हादसे में युवा मेकअप आर्टिस्ट की हुई दर्दनाक मौत

● पीथमपुर/ राज न्यूज नेटवर्क

औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र की छत्रछाया कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय मेकअप आर्टिस्ट विशाखा पिता कैलाश धाड़े की गुरुवार सुबह इंदौर के पास पिगडंबर में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। विशाखा पीथमपुर से भंवरकुआं की ओर जा रही थी। इसी दौरान पिगडंबर के पास अज्ञात ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विशाखा अपने घर से मेकअप आर्टिस्ट के रूप में काम करती थी। वह भंवरकुआं क्षेत्र में भी मेकअप आर्टिस्ट का काम करने के साथ इससे संबंधित कोर्स कर रही थी। विशाखा ने बी.फार्मेसी का कोर्स भी पूरा किया था और मेकअप के क्षेत्र में अपना करियर आगे बढ़ा रही थी।



सुबह 10:45 बजे घर से निकली थी: परिजनों के अनुसार विशाखा गुरुवार सुबह करीब 10:45 बजे अपने छत्रछाया कॉलोनी स्थित घर से भंवरकुआं जाने के लिए निकली थी। उसे रोजाना के काम के सिलसिले में भंवरकुआं जाना था। घर से निकलने के कुछ समय बाद वह पिगडंबर के पास पहुंची। बताया जा रहा है कि इसी दौरान सड़क पर जा रहे अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद विशाखा सड़क पर गिर गई और ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने मामले में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। अब हादसे के समय पिगडंबर मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि हादसे में शामिल ट्रक की पहचान की जा सके। पुलिस की जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि हादसे में कौन सा वाहन शामिल था और घटना के समय ट्रक किस दिशा में जा रहा था। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल की जानकारी जुटाने के साथ हादसे में शामिल अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी। गुरुवार को ही युवती का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

शव घर पहुंचा तो छा गया मातम: गुरुवार शाम जब विशाखा का शव छत्रछाया कॉलोनी स्थित उसके घर पहुंचा तो पूरे परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। हादसे की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में परिवार के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

महू में आज मनाई जाएगी गांधी व शास्त्री जयंती, सम्मान भी

महू (आरएनएन)। महू शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ-साथ नगर के प्रमुख समाजसेवियों का सम्मान भी किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि जयंती समारोह की शुरुआत शुक्रवार, 2 अक्टूबर को प्रातः 9:00 बजे रेलवे स्टेशन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी। यहाँ कांग्रेस जनों और गांधीवादी विचारकों की उपस्थिति में एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात, छोटी कलाली चौराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में पुरानी कोतवाली परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा, जहाँ महू के स्थानीय समाजसेवियों का उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष सम्मान किया जाएगा। कांग्रेस नेता गोविंद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रमों में महू विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, समस्त कांग्रेस जनों और गांधीवादी विचारधारा से जुड़े प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित किया गया है।

त्योहारी सीजन में दो माह में खाद्य-सुरक्षा प्रशासन ने की कार्रवाई

मिलावटियों पर शिकंजा- खाद्य पदार्थों के 723 नमूने लिए 25 टन सामग्री जब्त

- नामी होटलों से लेकर ढाबा-रेस्टोरेंट तक हुई कार्रवाई
- 15 मामले कोर्ट में पेश किए, लायसेंस-पंजीयन से कमाए 43 लाख

इंदौर। त्योहारी सीजन शुरू होते ही खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक (भोपाल) के निर्देशन और कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा अगस्त एवं सितंबर में मिलावटखोरों और अमानक खाद्य पदार्थों के खिलाफ कड़ा अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलेभर के कारखानों, डेयरियों, होटल-रेस्टोरेंट और थोक विक्रेताओं के यहां सघन निरीक्षण कर बड़े पैमाने पर वैधानिक कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार दो महीनों में कुल 723 खाद्य नमूने लिए गए। जांच के दौरान लगभग 25 हजार किग्रा खाद्य सामग्री जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 67 लाख रुपये है। इसके अलावा पूर्व में लिए गए नमूनों में से 259 की रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिनमें से 45 नमूने मानक स्तर के नहीं पाए गए, जिन पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

बिना लाइसेंस संचालित कारखाने बंद कराए: सुदामा नगर स्थित श्री इंटरप्राइजेज और बाणगंगा के राजकुमार जायसवाल की फर्म को बिना लाइसेंस घी व खाद्य सामग्री के अवैध निर्माण पर बंद कराया गया। पाल्दा स्थित उमापति इंडस्ट्रीज में अस्वच्छ स्थिति में लो-फैट एनालॉग पनीर बनाने पर 450 किलो पनीर जब्त कर निर्माण रोका गया। मुराई मोहल्ला की सिंध डेयरी फार्म से 252 किलो संदिग्ध सामग्री जब्त की गई और चाणक्य बॉयज हॉस्टल की मेस में अत्यधिक गंदगी व सड़े आलू मिलने पर उसे तुरंत बंद किया गया।

बड़े होटल्स की जांच

रेडिसन ब्लू, मैरियट, शेरेटन सहित कई बड़े होटल्स की जांच कर कमियों पर नोटिस दिए गए। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के जरिए जनजागरूकता फैलाई गई, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का त्वरित निराकरण हुआ और न्यायालय में 15 नए प्रकरण प्रस्तुत किए गए। इस अवधि में 3,028 खाद्य लाइसेंस व पंजीयन जारी किए गए, जिससे शासन को लगभग 43 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

सयाजी, एडम्स एल पर शिकंजा

होटल सयाजी के किचन में कॉकरोच, चूहे, फंगस लगी मूंगफली और एक्सपायरी सामग्री मिलने पर दोनों किचन सील करते हुए फूड व बार लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। वहीं, एडम्स एल रेस्टोरेंट में भी कीड़ेयुक्त मसाले और एक्सपायरी सामग्री मिलने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। इस अवधि में कुल 5 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित हुए। पराग मिल्क फूड्स के डिपो पर गोवर्धन ब्रांड के लगभग 25,000 लीटर संदिग्ध घी की बिक्री पर रोक लगाई गई। इसके अलावा मां बगलामुखी एंटरप्राइजेज और डुग्गू एंटरप्राइजेज से भारी मात्रा में गुजरात निर्मित संदिग्ध घी जब्त किया गया। मोहनी मावा भंडार से 716 किलोग्राम एनालॉग मीठा मावा भी जब्त हुआ।

‘उल्लासः एक पहल’ कार्यक्रम

रंगोली और स्लोगन स्पर्धा से दी बापू को श्रद्धांजलि

● महू/ राज न्यूज नेटवर्क

सिविल न्यायालय महू के न्यायालय परिसर में ‘उल्लासः एक पहल’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। अध्यक्षता तहसील विधिक सेवा समिति डॉ. आंबेडकर नगर महू जिला इंदौर की अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायालयीन स्टाफ और



अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में न्यायालयीन कर्मचारियों और अधिवक्तागणों ने महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरित होकर सुंदर व प्रेरणादायक स्लोगन लिखे और उनका वाचन किया। इसके साथ ही, न्यायालय परिसर में आकर्षक रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें अधिवक्ताओं और कर्मचारियों द्वारा बनाई गई सुंदर और कलात्मक रंगोलियां पूरे परिसर में आकर्षण का केंद्र रहीं।

क्रिकेट मैच के लिए पार्किंग व्यवस्था

इंदौर। होल्कर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को भारत एवं वेस्टइंडीज के मध्य एक दिवसीय टी-20 अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच होगा दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग एसजीएसआईटीएस परिसर के मैदान तथा बाल विनय मंदिर परिसर में कर सकेंगे। निर्धारित पार्किंग स्थलों पर एमपीसीए द्वारा पार्किंग हेतु व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम
सैलाना रोड़, ग्राम बंजली, रतलाम (म०प्र०)
ईमेल:- deanratlam@gmail.com वेबसाईट : www.gmcratiem.org कार्यालय दूरभाष नंबर :- 07412-284226 पिनकोड:- 457001
DONATE ORGAN - SAVE LIFE
अंगदान करें - जीवन बचाएँ

-:: जाहिर सूचना ::-
केविएट दायर किये जाने संबंधी नोटिस

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम के अधीन शैक्षणिक संवर्ग हेतु विज्ञप्ति कमांक 11211/स्थापना/विज्ञप्ति/2026 रतलाम दिनांक 26.09.2026 जारी की गयी है। जिसकी सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गयी है। उपरोक्त विज्ञप्ति के विरूद्ध किसी भी पक्ष द्वारा माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ, इंदौर में याचिका दायर किये जाने की संभावना है। अतः उक्त विज्ञप्ति में किसी भी पक्ष द्वारा दायर की जाने वाली याचिका में पारित होने वाले निर्णय के पूर्व डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम एवं शासन का पक्ष सुने जाने हेतु माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष संस्था की ओर से केंविएट प्रस्तुत की जा रही है, ताकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा इस संबंध में दायर याचिका में पारित किए जाने वाले निर्णय के पूर्व शासन / संस्था का पक्ष सुना जा सके।

'डॉ. अनिता मूथा
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शा. स्व. चि. महा. रतलाम (म.प्र.)

G-19286/26
स्वच्छता ही सेवा

Government of Maharashtra
Forest Department

Mangrove Division- North Konkan
Abhimaan II, 5th Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602
Email- dfommcu@gmail.com
Parent Portal: http://mahatenders.gov.in
E-Tender

Online Tender Forms in B-1 Format, for the following work are invited by the Divisional Forest Officer, Mangrove Division- North Konkan, Abhimaan II, 5th Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602 from the contractors registered with the Government of Maharashtra in appropriate class of Tender Notice.

The blank tender documents should be downloaded from Government website http://mahatenders.gov.in from 01/10/2026 at 05.00 pm to 08/10/2026 at 05.00 pm. Blank Tender documents will not be sold by this office; interested contractors have to download tender documents from the website. For any queries in this regard the interested contractors can contact on telephone no 022-69309286 during office hours.

All requisite information required for the submission of Bid Capacity documents is available on the above said website. If any assistance is required regarding e-Tendering (uploading/downlcading) please contact NIC Help Desk number: 1800 3070 2232.

Sr. No.	Name of work	Tender Notice No.	Tender cost. (Rs.)	Earnest Money Deposit (Rs.)	Time limit	Cost of Blank Tender Form (Non-Refundable)
I	II	III	IV	V	VI	VII
1.	Providing barricades by pilling near Chuha bridge area Tal. & Dist. Thane.	DFO/MDNK/ THANE/ 03/26-27	1,85,31,844/-	1,50,000/-	6 Months.	Rs. 1180/- (Including GST)
2.	Providing barricades by pilling near Chuha bridge Mangroves area Tal. & Dist. Thane.	DFO/MDNK/ THANE/ 04/26-27	1,37,46,309/-	1,37,463/-	6 Months.	Rs. 1180/- (Including GST)
3.	Providing barricades by pilling near Khardigaon Bridge Tal. & Dist. Thane.	DFO/MDNK/ THANE/ 05/26-27	1,35,17,195/-	1.35,172/-	6 Months.	Rs. 1180/- (Including GST)

3) No changes are to be made by the contractor in the tender documents published on the website. If any changes are made the tender documents will be rejected & action accordingly will be taken against the contractor. Information published on the government website will be final.
4) Right to reject any or all the tenders without assigning any reason there of is reserved.
D.G.I.P.R. 2026/2027/C-3056

Divisional Forest Officer,
Mangrove Division North Konkan.

महू को नगर निकाय बनाने की मांग: ज्ञापन देने दिल्ली जाएंगे

● महू/ राज न्यूज नेटवर्क

महू कैंट बोर्ड के रहवासी क्षेत्र को नगर निकाय नगर पालिका घोषित करने की मांग को लेकर आंदोलन अब दिल्ली की दहलीज पर पहुँच गया है। विगत 11 वर्षों से अमित वर्मा के निर्देशन में जारी महू मुक्ति मोर्चा आंदोलन के तहत चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। अब इस जन-आंदोलन की आवाज को केंद्र सरकार तक पहुँचाने के लिए मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल देश की राजधानी के लिए कूच कर रहा है। मोर्चा के सह-संयोजक सुनील खरे के नेतृत्व में एक 3 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होगा। यह दल वहां प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय को क्षेत्र की जनता की मांगों से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपेगा।

ज्ञापन में प्रमुख मांगें

महू शहर के रहवासी क्षेत्र को छावनी बोर्ड से अलग कर पूर्ण नगर पालिका बनाया जाए। अवैध बंगला-बगीचा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को वैध मतदाता घोषित कर उन्हें उनके लोक तांत्रिक अधिकार दिए जाएं। यदि प्रशासनिक कारणों से नगर पालिका के गठन में विलंब होता है, तो महू कैंट में तत्काल पार्षद चुनाव कराए जाएं।

जेल में बंद राजावत पर एक और केस

इंदौर (आरएनएन)। गाय चोरी के मामले में चंदर लोहार की चर्चित हत्या के मामले कुख्यात बदमाश सूरज जाट ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उसके पहले इस हत्या के मामले में लसूडिया पुलिस ने करणी सेना के मानसिंह राजावत को भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब जेल में बंद मानसिंह राजावत के खिलाफ अमानत में खयानत और अडीबाजी का भी केस दर्ज हुआ है।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणी का नाम	धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख एवं प्रकार
राम सुजान सिंह, सरोज देवी जमानतदार : रामबहोर कुशवाहा खाता सं. 171207800667122 व 201207801611861	5 सितम्बर 2025 ₹ 559826/- व ₹ 246207/- 4 सितम्बर 2025	प्लॉट नं. 216 ''एकता विहार कॉलोनी'', पटवारी हलका नं. 37 पुराना, नया नं. 77, रेवेन्यू सर्किल नं. 3, (बेतामा) गांव पिरपिपिलाया, तहसील देपालपुर, जिला-इन्दौर **क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट**	भौतिक कब्जा दिनांक 28 सितम्बर 2026
गणपत सुत्तार, सुन्दर बाई, गोकुल विश्वकर्मा, सुरेश सुत्तार जमानतदार : प्रकाश लाल खाता सं. 221217902555864	7 जुलाई 2026 ₹ 234384/- 5 जुलाई 2026	मकान नं. 118, पी.एच. नं. 42, गांव गंगापुर तहसील बड़ौद जिला आगर मालवा, मध्य प्रदेश 465447 **क्षेत्रफल 1330 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 28 सितम्बर 2026
शिवनारायण तंवर, जोरावर सिंह तंवर, कला बाई तंवर खाता सं. 241216003553775	7 जुलाई 2026 ₹ 756821/- 5 जुलाई 2026	म.नं. 15, गांव-सुरजानी, तहसील-नलखेड़ा जिला-आगर मध्य प्रदेश 465230 **क्षेत्रफल 960 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 28 सितम्बर 2026
शंकर सिंह सोधिया, लाडकुंवर बाई सोंधिया खाता सं. 241216004454617	7 जुलाई 2026 ₹ 474553/- 5 जुलाई 2026	म.नं. 16/1, पी.एच. नं. गांव गुराड़िया पीपलोन जी. पी. जमली तहसील-बड़ौद जिला-आगर मालवा, मध्य प्रदेश 465550 **क्षेत्रफल 1395 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 28 सितम्बर 2026
नागू सिंह चौहान, मानकुवर बाई चौहान, अनार सिंह चौहान, कुशाल सिंह चौहान खाता सं. 241216004833392	7 जुलाई 2026 ₹ 534233/- 5 जुलाई 2026	प्लॉट नं. 23, वार्ड नं. 08, राजपूत मोहल्ला, जी.पी. खेड़ा नरेला, पी.एस. बडौद, जिला आगर, मध्य प्रदेश (भारत)-465550 **क्षेत्रफल 10000 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 28 सितम्बर 2026
मोनू पाटीदार, प्रेमनारायण पाटीदार, रामाकान्ता रामाकान्ता जमानतदार : बबलू अहीरवार खाता सं. 241216004738071	7 जुलाई 2026 ₹ 457581/- 5 जुलाई 2026	मकान नं. 71, वार्ड नं. 04, पी.एच. नं. 55, गांव मोदी जी.पी. मोदी तहसील-सुसनेर, जिला-आगर मालवा, मध्य प्रदेश 465447 **क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 28 सितम्बर 2026
गोकुल सिंह, देव बाई सिसोदिया जमानतदार : मोड सिंह खाता सं. 251216005003959	7 जुलाई 2026 ₹ 532587/- 5 जुलाई 2026	प्लॉट नं. 94 पटवारी हलका नं. 13, गांव डिगांव जी. पी. धंधेरा तहसील-नलखेड़ा जिला-आगर मालवा, मध्य प्रदेश 465445 **क्षेत्रफल 1225 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 28 सितम्बर 2026

दिनांक : 02-10-2026 — प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
GRIHUM HOUSING FINANCE — Apna Ghar. Apni Pehchan.
पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाईः धन ट्राइडेंट, मंगल सिटी, सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452010

ई-नीलामी – बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्तियों का बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''सुरक्षित लेनदार'' कहा जाएगा)** को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।
सुरक्षित संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'', ''जैसी है वैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 19-10-2026** को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।
बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **GHFL**/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

सं. क्रं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति {सी}	संपत्ति का विवरण {डी}	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली {एच}	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय {आई}	नीलामी की तिथि और समय {जे}	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
1	**लोन नंबर HF0135H20100659 सुरेश पाटील (कर्जदार) रेखा पाटील (सह-कर्जदार)**	**नोटिस की तारीख: 11.12.2025 कुल बकायाः रू. 8,22,415/–** (रुपये आठ लाख बाईस हजार चार सौ पंद्रह मात्र) यह राशि 11-12-2025 तक देय है। इसके अतिरिक्त वसूली होने तक 13.85% वार्षिक ब्याज देय होगा।	**भौतिक**	संपत्ति वार्ड नंबर 27, विद्या विहार कॉलोनी, बागडून, जिला धार, मध्य प्रदेश, सर्वे नंबर 222 4 एवं 223 2, प्लॉट नंबर 129 के दक्षिणी भाग, में स्थित है। संपत्ति का कुल क्षेत्रफल 42.00 वर्ग मीटर है। उक्त संपत्ति के साथ उस पर स्थित सभी चल एवं प्राप्य संपत्तियां, वर्तमान भवन एवं संरचनाएं, तथा संबंधित बंधक की तारीख के बाद किसी भी समय वहां निर्मित या बनाए जाने वाले सभी भवन एवं संरचनाएं भी इसमें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भूमि से स्थायी रूप से जुड़ी अथवा भूमि से जुड़ी किसी वस्तु से स्थायी रूप से लगाई गई सभी फिक्स्चर एवं फर्नीचर, वर्तमान एवं भविष्य के, भी इसमें सम्मिलित हैं। **संपत्ति की सीमाएंः** पूर्व कॉलोनी रोड पश्चिम प्लॉट नंबर 114 उत्तर प्लॉट नंबर 129 का शेष भाग दक्षिण प्लॉट नंबर 130 **संपत्ति की माप** उत्तर दिशा में पूर्व से पश्चिमः 12 मीटर दक्षिण दिशा में पूर्व से पश्चिमः 12 मीटर पूर्व दिशा में उत्तर से दक्षिणः 3.5 मीटर पश्चिम दिशा में उत्तर से दक्षिणः 3.5 मीटर	**रू. 6,06,312/–** (सिर्फ छह लाख छह हजार तीन सौ बारह रुपये)	**रू. 60,631.20/–** (रुपये साठ हजार छह सौ इकतीस और बीस पैसे मात्र)	**16-10-2026 शाम 5 बजे से पहले**	**रू. 10,000/–**	**13-10-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)**	**19-10-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)**	निरंक

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय-पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता- प्लॉट संख्या-68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर-7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी-Support@bankeauctions.com, **संपर्क व्यक्ति-विनोद चौहान, ईमेल आईडी**-delhi@c1india.com **संपर्क नंबर**-9813887931 से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता तभी से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस ''गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड-नीलामी आय खाता,'' बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915, 20 पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44, विमन नगर-411014 के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **16-10-2026 को या इससे पहले** जमा करें और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई-मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होगीः **पताः धन ट्राइडेंट, मंगल सिटी, सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452010 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी** p.adith@grihumhousing.com **नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए** https://www.bankeauctions.com **और** www.grihumhousing.com **पर जाएँ।**
इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 15 (पंद्रह) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।
किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो फ्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।
स्थानः मध्य प्रदेश दिनांकः 02.10.2026 — **हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

(परिषद कार्यालय)

ई-टेंडरिंग/विज्ञप्ति क्रमांक 10/परिषद/2026

निविदा आमंत्रण

दिनांक : 29.9.2026

नगर पालिक निगम (परिषद विभाग), इन्दौर द्वारा निम्नानुसार कार्य कराया जाना है। जिसकी वार्षिक दर निर्धारण व एजेन्सियों इनपेनल करने हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाना है। निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ग्रुप क्र.	विवरण	अर्नेस्ट मनी	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	टेंट, प्रोडक्शन संबंधी समस्त कार्य (टेंट, स्टेज, बैठक व्यवस्था एवं टेंट संबंधी समस्त कार्य।)	₹ 25,000/–	₹ 2,000/–
2	निगम के सभी कार्यक्रमों में प्रकाश एवं प्रदीपन तथा साउण्ड संबंधी कार्य (साउण्ड सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, माईक एवं इससे संबंधित आदि कार्य।)	₹ 25,000/–	₹ 2,000/–
3	फ्लेक्स, फ्रेमिंग/ होर्डिंग लगाना, गेट, बेनर, कटाउट आदि कार्य। ब्रांडिंग तथा इससे संबंधित कार्य।	₹ 15,000/–	₹ 2,000/–
4	प्रिन्टींग कार्य (बुकलेट, फोल्डर प्रिंटिंग व स्टेशनरी संबंधित)	₹ 15,000/–	₹ 2,000/–
5	फुल, हार-बुके इत्यादि (फुल, हार-बुके मालाऐं, बुके, स्टेज फ्लार डेकोरेशन फूलों से संबंधित सज्जा कार्य।)	₹ 10,000/–	₹ 2,000/–
6	Live प्रसारण, एल.ई.डी. प्रोजेक्शन तथा इससे संबंधित कार्य।	₹ 10,000/–	₹ 2,000/–
7	फोटोग्राफी/विडियोग्राफी (शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों/ निरीक्षण/ भ्रमण/ व्ही.आई.पी. आगमन आदि अवसरों पर फोटोग्राफी (मय सीडी, पेन ड्राईव, हार्ड डिस्क आदि) विडियोग्राफी (मय सीडी, पेन ड्राईव, हार्ड डिस्क आदि) कार्य।	₹ 10,000/–	₹ 2,000/–
8	नगर निगम द्वारा आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाऐं करने संबंधी कार्य एवं सामग्री उपलब्ध कराने बाबद।	₹ 10,000/–	₹ 2,000/–
9	उच्च गुणवत्ता का ऑडियो/विडियो बनाना एवं रिलीज करना तथा रेडियो जिंगल बनाना एवं रिलिज करना (निगम से संबंधित संदेश/विज्ञापन/सूचना इत्यादि ऑडियो, विडियो, जिंगल बनाने का कार्य।)	₹ 20,000/–	₹ 2,000/–
10	निगम से संबंधित विज्ञापन/सूचना/टेण्डर/विज्ञप्ति इत्यादि के प्रचार एवं डिज़ाइनिंग कार्य हेतु सर्विसेज उपलब्ध कराने संबंधित कार्य।	₹ 20,000/–	₹ 2,000/–

नोट : आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल म.प्र. शासन द्वारा जारी सरक्यूलर क्रमांक या.प्रा./07/2013/3616 भोपाल, दिनांक 22/05/2013 अनुसार निविदा स्वीकृत होने के उपरांत न्यूनतम निविदादाता को अनुबंध के साथ 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन कैश कार्ड/ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से निर्धारित राशि जमा करने के बाद प्राप्त किए जा सकते हैं।

1. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 30/09/2026 प्रातः 10:00 बजे से
2. ऑनलाइन निविदा फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29/10/2026 को शाम 06:00 बजे तक
3. ऑनलाइन शर्तो अनुसार दस्तावेज खोलने की तिथि 30/10/2026 को शाम 06:00 बजे तक
4. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि 02/11/2026 को शाम 06:00 बजे तक
5. विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण उक्त वर्णित पोर्टल पर देखा जा सकता है।
6. उपरोक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में निविदा प्रपत्र क्रय व अर्नेस्ट मनी जमा कर अगले कार्य दिवस में की जाकर निविदा अगले कार्यदिवस में प्रस्तुत की जावेगी।
7. ठेकेदार को इस प्रकार के कार्य का अनुभव के संबंध में कार्यादेश ऑनलाइन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. निविदा अथवा निविदा की शर्तों में किसी भी प्रकार का संशोधन, परिवर्तन या परिशिष्ट किए जाने की स्थिति में उक्त जानकारी केवल ऑनलाइन माध्यम से दर्ज/ प्रकाशित की जाएगी।
9. निविदा 3 वर्षों के लिए वार्षिक दर निर्धारण हेतु आमंत्रिण की जा रही है।

प्रतिबंधित पॉलीथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

सचिव
नगर पालिक निगम, इन्दौर